### एक नजर में

## अप्रैल में खंडवा के विभिन्न वार्डों में लगेंगे रक्तदान शिविर

**खंडवा।** रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अप्रैल माह में शहर के विभिन्न वार्डों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि 9 अप्रैल को लोकमान्य तिलक वार्ड, 13 अप्रैल को सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, 15 अप्रैल को कुंडलेश्वर वार्ड, 16 अप्रैल को स्व. प्रेमचंद जैन वार्ड, 17 अप्रैल को दादाजी धुनीवाले वार्ड, 22 अप्रैल को संतोषी माता वार्ड, 23 अप्रैल को अमर शहीद अशफाक उल्ला वार्ड, 24 अप्रैल को जवाहर गंज वार्ड तथा 30 अप्रैल को गणेश गंज वार्ड में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे।

इसके अलावा 6 और 7 अप्रैल को ग्राम किल्लौद में भी रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर में नए झूला पुल के पास स्थित वृद्धाश्रम में प्रतिदिन रक्तदान की सुविधा उपलब्ध है। यहां श्रद्धालु रक्तदान कर वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत निशुल्क दर्शन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

## शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को पुस्तकें और साइकिलें वितरित



**खंडवा।** स्कूल चलें अभियान के तहत नए शिक्षा सत्र के पहले दिन बुधवार को जिले के स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं साइकिलें वितरित की गईं।

जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी ने बताया कि जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत खंडवा की अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेड़े ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दीं और नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डीपीसी रमसा सुरभि शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पुलिस विभाग से सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक विदाई



**खंडवा।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक अमलदास खाखा और सहायक उपनिरीक्षक बागसिंह मंडलोई को पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में आयोजित समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

समारोह में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय, थाना प्रभारी मोघट धीरेश धारवाल, थाना प्रभारी यातायात देवेन्द्र सिंह परिहार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहे।

उपनिरीक्षक अमलदास खाखा की भर्ती 20 जुलाई 1983 को हुई थी और उन्होंने 42 वर्ष 8 माह 11 दिन की सेवा दी। वहीं सहायक उपनिरीक्षक बागसिंह मंडलोई 10 सितंबर 1990 को विभाग में भर्ती हुए थे और उन्होंने 35 वर्ष 6 माह 21 दिन तक सेवाएं दीं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दोनों अधिकारियों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर में आज मनाया जाएगा हनुमान जन्म महोत्सव

**खंडवा।** शहर में 2 अप्रैल को श्रीराम भक्त हनुमान जी की जयंती श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जाएगी। विभिन्न हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और भंडारे के आयोजन होंगे। इसी क्रम में शहर के गणेश तलाई स्थित प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में 1 और 2 अप्रैल को विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जयंती के एक दिन पूर्व 1 अप्रैल को सुबह 6 बजे से 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ, जिसका समापन 2 अप्रैल को सुबह 5 बजे हुआ। इसके बाद श्री बालाजी भजन मंडल द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

2 अप्रैल को सुबह 6 बजे हनुमान जी की जन्म आरती, सुबह 8 से 10 बजे तक हवन, 11 बजे भोग आरती के साथ भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। दोपहर 1 से 3 बजे तक पंचामृत से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाअभिषेक होगा। शाम 5.30 बजे विशेष श्रृंगार आरती और रात 8.30 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# रेलवे के बुलडोजर से मची चीख-पुकार

### प्रभावितों की पीड़ा देख महापौर ने खोला मोर्चा, कहा- 'जनता के साथ हूं'





नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा शहर में इन दिनों विकास की पटरी बिछाने की कवायद आम जनता के आंसुओं और भारी आक्रोश के बीच से होकर गुजर रही है। रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने का सिलसिला पिछले पांच दिनों से जारी है, जिसने अब एक बड़े जन-आंदोलन और सांप्रदायिक तनाव का रूप ले लिया है।

शहर के चिड़िया मैदान और आसपास के इलाकों में जिस तरह से बिना किसी ठोस सूचना और मुआवजे के आशियाने उजाड़े जा रहे हैं, उसने रेल्वे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह विवाद उस समय चरम पर पहुंच गया जब रेलवे के दस्ते ने विकास की राह में आ रहे धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना शुरू किया।

घटनाक्रम ने तब उग्र रूप ले लिया जब दो दिन पूर्व रेलवे कर्मचारियों द्वारा भैरो मंदिर को जेसीबी से ढहा दिया गया और कथित तौर पर मूर्तियों को कुएं में विसर्जित कर दिया गया। इस खबर ने शहर के हिंदू संगठनों के बीच आग की तरह काम किया। बुधवार को जब अतिक्रमण दस्ता दोबारा चिड़िया मैदान पहुंचा और एक अन्य मंदिर को गिराने की कोशिश की, तो सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर जमा हो गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को बीच-बचाव कर मोर्चा संभालना पड़ा। इसी बीच, सियासी पारा भी सातवें आसमान पर पहुंच गया। जहां एक तरफ नेता प्रतिपक्ष दीपक राठौर ने पीड़ितों के साथ नगर निगम का घेराव किया, वहीं भाजपा पार्षदों ने भी नगर सरकार का बचाव करते हुए और शहर विकास तख्तियां लेकर नारेबाजी की।

बढ़ते बवाल और जनता के दर्द को देखते हुए खंडवा महापौर ने भी मैदान संभाला। महापौर ने प्रभावित रोते-बिलखते पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि वे इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी हैं। महापौर ने स्पष्ट किया कि इस अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से नगर निगम प्रशासन का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने जनता को बताया कि यह पूरी कार्रवाई रेलवे द्वारा स्वतंत्र रूप से की जा रही है। महापौर ने यह भी जानकारी दी कि उन्होंने जिला कलेक्टर के समक्ष प्रभावितों की पीड़ा को प्रमुखता से रखा है और मांग की है कि इंसानी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ही आगे का कदम उठाया जाए।

फिलहाल रेल्वे द्वारा बलपूर्वक तोड़े जा रहे अतिक्रमण से अनिश्चितता का माहौल पनप गया है है। जनता का सीधा सवाल है कि क्या विकास की कीमत उनके आशियानों और आस्था की बलि देकर ही चुकाई जाएगी? प्रशासन की इस कार्रवाई ने शहर के सामाजिक और राजनैतिक ढांचे को झकझोर कर रख दिया है, जहाँ एक तरफ रेलवे अपने नियमों का हवाला दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ जनप्रतिनिधि अब जनता के आक्रोश को देखते हुए पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।



## बीएमओ-बीपीएम का वेतन काटने के साथ दो एएनएम निलंबित

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने पंधाना के विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल तंतवार और बीपीएम पीएस डावर का एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई पंधाना जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान की गई।

बैठक में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण और प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम आरूद की एएनएम रेशमा पांजरे और पंधाना शहर की एएनएम अनिता गोलकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गर्भावस्था के नौ माह के दौरान प्रत्येक गर्भवती महिला का कम से कम चार बार स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए और उसकी जानकारी विभागीय पोर्टल पर दर्ज की जाए। उन्होंने एनीमिक गर्भवती महिलाओं के मामलों में विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए।

साथ ही कलेक्टर ने कहा कि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता गंभीरता से काम करें और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत के अलावा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रश्मि कौशल, डीपीएम शैलेंद्र सोलंकी, डॉ शक्तिसिंह राठौर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

## चना खरीदी महाभियान की 'खराब' शुरुआत

### टैग के अभाव में रामभरोसे तुलाई, 'सिस्टम' हुआ फेल

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में चने की सरकारी खरीदी का पहला ही दिन भारी अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया। आलम यह है कि उपार्जन केंद्रों पर फसल की पहचान यानी 'टैग' ही नहीं पहुंचे हैं। घंटों इंतजार के बाद जब किसानों का धैर्य जवाब देने लगा, तो केंद्रों पर नियमों को ताक पर रखकर बिना टैग के ही खरीदी शुरू कर दी गई। नवभारत की टीम ने जब कोरगला रोड स्थित वर्मा वेयरहाउस का जायजा लिया, तो वहां जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही और सिस्टम की लाचारी साफ नजर आई।

वर्मा वेयरहाउस पर दोपहर तक लगभग 150 क्विंटल चने की खरीदी बिना टैग लगाए ही कर ली गई थी।

नियमों के मुताबिक, तुलाई के तुरंत बाद टैग लगाना अनिवार्य है, लेकिन यहाँ बोरियां बिना किसी आधिकारिक पहचान के खुले में पड़ी मिलीं। टैग के बिना पोर्टल पर एंट्री संभव नहीं है, जिसका सीधा मतलब है कि किसानों के बिल जनरेट नहीं होंगे और भुगतान में देरी तय है। बिना टैग के सैकड़ों क्विंटल अनाज का स्टॉक करना कार्यप्रणाली पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। बाद में ये बोरियां किसकी हैं, इसकी पहचान करना मुश्किल होगा।



### मामले में केंद्र प्रभारी और जिम्मेदारों से सवाल किया गया, तो चौंकाने वाला जवाब मिला...

- **भोपाल से अटका काम:** अधिकारियों का कहना है कि टैग भोपाल स्तर से ही जारी नहीं हो पाए हैं।
- **3 दिन का और इंतजार:** बताया जा रहा है कि टैग आने में अभी 2 से 3 दिन का समय और लग सकता है।
- **दोबारा होगी सिलाई:** वर्तमान में खरीदी गई बोरियों को टैग आने के बाद फिर से खोलकर या दोबारा सिलाई कर टैग लगाए जाएंगे, जिससे न केवल समय की बर्बादी होगी बल्कि अनाज की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### तेज धूप के कारण किसान परेशान

ट्रैक्टर लेकर पहुंचे किसान इस बात से चिंतित हैं कि बिना रसीद या बिल के वे अपना अनाज केंद्र पर कैसे छोड़ें। अब इसे स्मार्ट गवर्नेंस कहें या सरासर लापरवाही? जब तारीखें पहले से तय थीं, तो एसी में बैठे अफसर टैग भेजना कैसे भूल गए? अब वेयरहाउस पर दोबारा सिलाई का खेल होगा, जिसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ किसान भुगतेगा। अन्नदाता की मेहनत को 'टैग' के भरोसे लटकाना समझ से परे है।

## नहीं रहा खंडवा का 'स्नेक मैन': सांप पकड़ने के दौरान हुई चूक

### इलाज के दौरान आसिफ ने तोड़ा दम

**खंडवा।** जिले में सर्पमित्र के नाम से पहचान बनाने वाले आसिफ मंसूरी निवासी भोज्याखेड़ी का मंगवाकर रात्रि 11 बजे इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। मंगलवार को एक रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान हुई एक छोटी सी चूक आसिफ की जिंदगी पर भारी पड़ गई। इस खबर से पूरे भोजाखेड़ी क्षेत्र के रहवासी सन्न रह गए।

**रेस्क्यू के दौरान हुआ हादसा:** जानकारी के अनुसार, मंगलवार को आसिफ एक सांप को पकड़ने के लिए गए थे। इसी दौरान सांप ने उन्हें डस लिया।आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उसने अंतिम सांस ली।

**1000 से ज्यादा सांपों को दे चुके थे जीवनदान:** भोजाखेड़ी निवासी आसिफ खान को इलाके में 'स्नेक मैन' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए अब तक 1 हजार से अधिक सांपों का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित जंगलों में छोड़ा था। उनकी पहचान एक ऐसे निडर युवा की थी, जो वन्यजीवों और इंसानों के बीच के संघर्ष को कम करने में हमेशा आगे रहता था।

**परिजनों का बुरा हाल:** आसिफ के आकस्मिक निधन ने उनके परिवार को झकझोर कर रख दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**बजट** — बजट का बड़ा हिस्सा शहर के आधुनिकीकरण पर होगा खर्च

# नगर निगम की साधारण सभा में 883 .51 करोड़ का बजट पेश

## महापौर ने दी कई राहत भरी घोषणाएं



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नगर पालिक निगम खंडवा की साधारण सभा में आज महापौर अमृता अमर यादव ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 883.51 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया।

सभापति अनिल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में महापौर ने घोषणाओं की झड़ी लगाते हुए संपत्ति कर की वृद्धि पर रोक लगाने, टैक्स अधिभार में शत-प्रतिशत छूट देने और अस्थायी कर्मचारियों को एरियर्स देने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिससे शहर के हर वर्ग को बड़ी राहत मिली है।

**कर प्रणाली में सुधार और बड़ी राहत :** जनहित को सर्वोपरि रखते हुए महापौर ने घोषणा की कि संपत्ति कर की दर जो पहले 19 प्रतिशत तक बढ़ जाती थी, उसे अब मात्र 9.5 प्रतिशत पर ही स्थिर रखा जाएगा। साथ ही, शहर के करदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए 1 अप्रैल से 30 जून तक अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, खाली पड़े भूखंडों पर अब निर्मित भवन के बजाय केवल रिक्त प्लॉट की दर से ही टैक्स वसूला जाएगा, जिससे हजारों भूखंड स्वामियों को आर्थिक लाभ होगा।

### कर्मचारी कल्याण और विस्थापन का समाधान

बैठक में निगम के अस्थायी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी आई, जिन्हें अब तीन समान किश्तों में एरियर्स का भुगतान किया जाएगा। वहीं, सूरजकुंड क्षेत्र में रेलवे द्वारा हटाए गए परिवारों के मुद्दे पर महापौर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें चीराखदान मल्टी में आवास दिलाने के लिए तत्काल शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर इस विषय को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी चर्चा की जाएगी।

### शहर के बुनियादी ढांचे पर निवेश

बजट का बड़ा हिस्सा शहर के आधुनिकीकरण पर खर्च होगा। इसमें सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए 252 करोड़ और सड़क निर्माण व डामरीकरण के लिए ?100 करोड़ से अधिक की राशि आरक्षित की गई है। साथ ही शॉपिंग मॉल, पीएम आवास, और धार्मिक स्थलों जैसे रामेश्वर कुंड व गणगौर घाट के विकास को भी बजट में प्राथमिकता दी गई है। अंत में विपक्षी पार्षदों द्वारा उठाए गए स्वच्छता और जल प्रदाय जैसे सवालों के संतोषजनक जवाब के साथ सभा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।